स्टेडियम से खिलाड़ियों को बाहर निकलवा कर कुत्ता घुमाने वाले आइएएस खिरवार पर कार्रवाई

पति का लद्दाख और पत्नी का अरुणाचल तबादला

नई दिल्ली, 26 मई (जनसत्ता)।

केंद्र ने गुरुवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए आइएएस दंपति संजीव खिरवार और अनु दुग्गा का स्थानांतरण क्रमशः लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश के लिए कर दिया। यह कदम मीडिया में आई इन खबरों के बाद उठाया गया कि आइएएस संजीव खिरवार और उनकी पत्नी अनु दुग्गा के कुत्ते के साथ घूमने के लिए रात सात बजे खिलाड़ियों से दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम खाली करवाया जाता है।

गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा कि एजीएमयूटी कैडर के 1994 बैच के आइएएस अधिकारी खिरवार को तत्काल प्रभाव से लद्दाख और उनकी पत्नी को अरुणाचल प्रदेश स्थानांतरित कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार खिरवार और उनकी पत्नी द्वारा त्यागराज स्टेडियम में सुविधाओं का दुरुपयोग किए जाने से संबंधित खबरों पर गृह मंत्रालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव से रपट मांगी थी।

सूत्रों ने बताया कि मुख्य सचिव ने शाम को तथ्यात्मक स्थिति पर गृह मंत्रालय को रपट सौंपी, जिसके बाद मंत्रालय ने उनके तबादले का आदेश दिया। सूत्रों ने कहा कि रपट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खिरवार वर्तमान में दिल्ली में प्रधान सचिव (राजस्व) के पद पर तैनात हैं।

शाम सात बजे तक खाली करवाया जाता था स्टेडियम

दिल्ली के प्रमुख सचिव (राजस्व) संजीव खिरवार पर आरोप है कि उनके और उनके कुत्ते की वजह से त्यागराज स्टेडियम को शाम सात बजे ही खाली करवा लिया जाता है। शाम साढ़े सात बजे के बाद आइएएस अधिकारी संजीव अपने कुत्ते के साथ स्टेडियम में टहलने आते हैं। इससे वहां ट्रेनिंग करने वाले एथलीट्स और कोच काफी परेशान हैं। मीडिया रपट के अनुसार त्यागराज स्टेडियम के कोच ने बताया कि हम पहले यहां 8 से 8:30 बजे तक अभ्यास कराते थे लेकिन अब शाम के 7 बजते ही स्टेडियम छोड़ने के लिए कहा जाता है, ताकि अधिकारी अपने कुत्ते को वहां टहला सकें। उनका कहना था कि इस वजह से उनके अभ्यास पर असर पड़ रहा है। करीब सात दिनों में तीन दिन शाम 6:30 बजे देखा गया कि गार्ड सीटी बजाते हुए मैदान खाली कराते देखे गए हैं। (जसं)

रात दस बजे तक खुलेंगे स्टेडियम : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 मई।

दिल्ली में स्टेडियम अब रात 10 बजे तक खुलेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया कि खिलाड़ियों को गर्मी की वजह से दिक्कत हो रही है और स्टेडियम 6-7 बजे बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निर्देश जारी कर रही है, कि सारी खेल सुविधाएं रात 10 बजे तक रहें और खिलाड़ी उसका इस्तेमाल कर सकें। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली सरकार को घेरा

नई दिल्ली, 26 मई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और खेल के मैदान उपलब्ध कराने की घोषणा त्यागराज स्टेडियम में कुत्तों को घुमाने की घटना के बाद पूरी तरह झूठी साबित हो गई है। (जसं)

खबर कोना

चार अवैध कालोनियां ध्वस्त, 100 करोड़ की जमीन हुई मुक्त

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 26 मई।

प्राधिकरण ने गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। प्राधिकरण ने धूम मानिकपुर में चार अवैध कालोनियों को ध्वस्त कर दिया। करीब 50 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया। इस जमीन की कीमत करीब 100 करोड़ रुपए आंकी गई है। धूममानिक पुर के खसरा नंबर- 1100, 1086, 1074, 910, 913, 914 और 915 की करीब 50 हजार वर्ग मीटर जमीन पर लेविस ग्रीन, रमेश एंक्लेव, पृथ्वी रेजीडेंसी और राजश्री एंक्लेव के नाम से कालोनी काटी जा रही थीं। सूचना मिलने पर प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक की तरफ से इसे खुद से निर्माण हटाने को नोटिस जारी किया गया, लेकिन कालोनाइजरों ने अमल नहीं किया।

बिल्डर को जल्द कब्जा देने का आदेश

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 26 मई।

यूपी रेरा की कंसीलिएशन फोरम में सुनवाई में एक आबंटी के विवाद का समाधान कराया गया। इसमें आबंटी व प्रमोटर के बीच कब्जे व बकाया भुगतान के विवाद को मैत्रीपूर्ण तरीके से सुलझाया गया। गौर गुप के सातवें एवेन्यू परियोजना के आबंटी राजकुमार ने कंसीलिएशन फोरम में शिकायत दर्ज कर अपने इकाई का अविलंब कब्जा दिलाने के लिए अनुरोध किया था। शिकायत में आबंटी ने प्रोमोटर को इकाई की पूर्ण राशि चुकाने और जुलाई 2021 में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी इकाई का कब्जा न मिलने की बात कही थी। कंसीलिएशन फोरम में सुनवाई के दौरान यूपी रेरा ने आबंटी व प्रमोटर पक्षों को सुनने के बाद आबंटी के पक्ष में फैसला देते हुए प्रमोटर को अविलंब कब्जा देने का आदेश जारी किया। उन्होंने प्रमोटर को एग्रीमेंट की सभी शर्तों के अनुसार सुविधाएं मुहैया कराने का भी आदेश दिया। कंसीलिएशन फोरम ने अब तक 2000 से ज्यादा विवादों का समाधान कराया है।

20,400 किलो नकली टाटा नमक बरामद

नोएडा, 26 मई (भाषा)।

नोएडा में दादरी थाने की पुलिस ने नकली नमक बनाने के धंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 20 हजार 400 नकली रैपर, 20 हजार 400 किलो ग्राम नकली टाटा नमक और 800 थैले लोकल नमक आदि बरामद किया है। पुलिस को टाटा कंपनी के अधिकारियों ने सूचना दी थी कि उनकी कंपनी के नाम से नकली नमक बनाया जा रहा है। इसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी की।

आज बारिश होने के आसार, मौसम में दिख सकती है नरमी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 मई।

मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि शुक्रवार को फिर से बारिश के आसार बनते नजर आ रहे हैं। तापमान के फिर से बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में तापमान में मामूली वृद्धि होने का अनुमान लगाया है, इस दौरान तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, लेकिन अगले सप्ताह तक लू चलने का पूर्वानुमान नहीं है।

कोरोना के 403 नए मामले, एक की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 मई।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को कोविड के 403 नए मामले सामने आए और कोरोना वायरस के संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि बुधवार को इस बीमारी से पीड़ित चार मरीजों ने दम तोड़ दिया था।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शहर में संक्रमण की दर 1.76 फीसद रही। कोरोना से उबर चुके 503 लोगों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है। वहीं, 1180 लोग अभी भी संक्रमण के कारण घरों में एकांतवासी हैं। अस्पतालों में अब तक कोरोना मरीजों की संख्या 102 है। वहीं, 35 मरीजों को आक्सीजन पर और तीन को वेंटीलेटर पर रखा गया है। आंकड़ों के मुताबिक, शहर में अभी तक कुल 19,05,067 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, जबकि 26,208 लोगों की संक्रमण से मौत हो चुकी है। विभाग के अनुसार,बुधवार को दिल्ली में कोविड के लिए 22,837 नमूनों की जांच की गई है। बुधवार को कुल 424 नए मामले सामने आए थे।

निगम में 25 आला अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 मई।

दिल्ली नगर निगम ने तीन उपायुक्त (डीसी) और अलग-अलग जोन में 22 अतिरिक्त डीसी नियुक्त कर उन्हें विभाग आवंटित कर दिए हैं।

निगम के केंद्रीय प्रतिष्ठान विभाग ने 24 मई को नियुक्तियों के संबंध में आदेश जारी किया था। आदेश के मुताबिक राजेश गोयल को सिटी-एसपी जोन का डीसी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वह करोल बाग, रोहिणी, केशव पुरम, सिविल लाइंस, सिटी-एसपी और नरेला जोन के लिए डीसी (भूमि और संपदा) भी होंगे। संजीव कुमार मिश्रा को डीसी (अप्र) नियुक्त किया गया है और उन्हें शाहदरा (दक्षिण और उत्तर) जोन के लिए डीसी (फैक्ट्री लाइसेंसिंग) और करोल बाग, केशव पुरम, रोहिणी, सिटी-एसपी, सिविल लाइंस और नरेला जोन का डीसी (स्वास्थ्य) भी बनाया गया है। सतनाम सिंह को निदेशक (कार्मिक प्रथम) बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें करोल बाग, केशवपुरम, रोहिणी, सिटी-एसपी, सिविल लाइंस और नरेला जोन का डीसी (फैक्ट्री लाइसेंसिंग) नियुक्त किया गया है। हेमंत कुमार फौजदार को एकीकृत एमसीडी का एडीसी (टोल टैक्स) नियुक्त किया गया है। वह दक्षिण, मध्य, पश्चिम, नजफगढ़, शाहदरा (उत्तर और दक्षिण) जोन के लिए एडीसी (भूमि और संपत्ति) भी होंगे।

निगम के कई घोटाले दफन हो जाएंगे : यादव

नई दिल्ली, 26 मई। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में कई करोड़ के घोटाले का आरोप लगाने वाले निगम पार्षद विजेंद्र यादव ने कहा कि अब एकीकरण हो जाने से निगम के कई घोटाले दफन हो जाएंगे और उसका कोई जवाब नहीं मिलेगा। यादव ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर निगम के पैसे का दुरुपयोग का आरोप लगाया था।

नाबालिग हुई गर्भवती, बलात्कार का आरोपी सुरक्षा गार्ड फरार

नोएडा, 26 मई (भाषा)।

नोएडा में फेस-3 थानाक्षेत्र के गांव की एक नाबालिग के साथ सुरक्षा गार्ड ने कथित रूप से बलात्कार किया। नाबालिग चोरी के एक मामले में पकड़ी गई थी और जब उसका गाजियाबाद के राजकीय संप्रेक्षण गृह में मेडिकल परीक्षण कराया गया तब यह बात सामने आई।

थानाध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि एक महिला ने सेक्टर 126 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी नाबालिग बेटी एक घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी जहां नीरज नामक सुरक्षा गार्ड ने उसकी बेटी से बलात्कार किया। नाबालिग गर्भवती हो गई। जैन ने बताया कि दरअसल एक व्यक्ति ने इस महिला और उसकी बेटी के खिलाफ घर से सामान चोरी करने की रपट दर्ज कराई थी।

केंचुआ खाद बेचेगा डीडीए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 मई।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अपने उद्यानों में केंचुआ खाद (वर्मीकम्पोस्ट) बनाने में एक रिकार्ड कायम किया है। डीडीए उत्पादन की गई खाद को ई-वाणिज्य कंपनियों के जरिए बेचने पर विचार कर रहा है।

डीडीए के अधीन करीब 800 उद्यान आते हैं जिनमें से 133 में यह खाद तैयार किए जा रहे हैं। डीडीए ने दिसंबर 2020 से अपने उद्यानों के लिए उर्वरक नहीं खरीदे हैं। डीडीए उद्यानों में हरित अपशिष्ट का इस्तेमाल करके खुद ही खाद का निर्माण कर रहा है। संस्था ने 2021 में 13,000 क्विंटल केंचुआ खाद तैयार किया किया था।

GOODYEAR

GOODYEAR INDIA LIMITED

(CIN: L25111HR1961PLC008578)
Registered office: Mathura Road, Ballabgarh (Dist. Faridabad) - 121004, Haryana
Telephone: 0129-6611000 Fax: 0129-2305310, E-mail: gyi_info@goodyear.com, Website: www.goodyear.co.in

EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED/ AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2022

(Rs. In Lakhs)

Particulars	Current 3 months ended (31/03/2022)	Preceding 3 months ended (31/12/2021)	Corresponding 3 months ended (31/03/2021)	Year to date figures for current year ended (12 Months) (31/03/2022)	Year to date figures for previous year ended (12 Months) (31/03/2021)
	(Unaudited) (Refer Note 7)	(Unaudited)	(Unaudited) (Refer Note 7)	(Audited)	(Audited)
1 Total income from operations	60,277	61,182	57,449	245,889	181,429
2 Net Profit for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	2,333	2,661	5,842	13,845	18,317
3 Net Profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	2,333	2,661	5,842	13,845	18,317
4 Net Profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	1,739	1,945	4,322	10,289	13,626
5 Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (loss) (after tax)]	1,770	1,887	4,219	10,131	13,835
6 Paid-up equity share capital (Face Value of Rs.10/- per share)	2,307	2,307	2,307	2,307	2,307
7 Reserve (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year.				81,650	89,267
8 Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) (not annualised):					
a) Basic (Rs.)	7.54	8.43	18.74	44.61	59.07
b) Diluted (Rs.)	7.54	8.43	18.74	44.61	59.07

NOTES:

1 The above is an extract of the detailed format of the standalone unaudited financial results for the quarter and audited financial results for the year ended March 31, 2022 filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015, as amended. The full format of the standalone unaudited financial results are available on the Stock Exchange website at www.bseindia.com and also available on the Company's website i.e www.goodyear.co.in/investor-relations.

2 The Statement has been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ("Ind AS") as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules issued thereunder and in terms of Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015, as amended.

3 The Company is engaged in the business of sales of automotive tyres, tubes and flaps. The Company sells tyres of its own brand "Goodyear". The Chief Operating Decision Maker (CODM), Managing Director, performs a detailed review of the operating results, thereby makes decisions about the allocation of resources among the various functions. The operating results of each of the functions are not considered individually by the CODM, the functions do not meet the requirements of Ind AS 108 for classification as an operating segment, hence there is only one operating segment namely, "Automotive tyres, tubes & flaps".

4 The Code on Social Security, 2020 ('Code') relating to employee benefits during employment and post-employment benefits received Presidential assent in September 2020. The Code has been published in the Gazette of India. However, the date on which the Code will come into effect has not been notified. The Company will assess the impact of the Code when it comes into effect and will record any related impact in the period the Code becomes effective.

5 The Board of Directors has recommended a final dividend of Rs.20 per equity share of Rs.10 each and a special dividend of Rs.80 per equity share of Rs.10 each for the Financial Year ended March 31, 2022, aggregating to Rs. 23,067 lakhs, subject to approval of Members at the ensuing Annual General Meeting. The register of members and share transfer books will remain closed from July 26, 2022 to August 1, 2022 (both days inclusive).

6 The Company has considered the ongoing possible effects that may result from the pandemic relating to COVID 19 on the carrying amount of all assets and liabilities as at March 31, 2022. In developing the assumptions relating to the possible future uncertainties in the global economic conditions because of this pandemic, the Company, as at the date of approval of these financials results has used internal and external sources on the expected future performance of the Company. The Company has made assessment of its liquidity position for the current period and expects that the carrying amount of these assets / liabilities will be recovered / settled and subsequent liquidity is available to fund the business operations for at least another 12 months. The impact of COVID-19 on the Company's financial results may differ from that estimated as at the date of approval of these financial results and would be recognized prospectively.

7 The figures of last quarter of current and previous year are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures up to the third quarter of the financial year which are subject to limited review.

8 This Statement has been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on May 26, 2022. The financials results for the year ended March 31, 2022 have been audited and for the quarter ended March 31, 2022 have been reviewed by the Statutory Auditors of the Company and they have expressed an unmodified opinion/conclusion thereon.

Place: New Delhi
Date: May 26, 2022

For GOODYEAR INDIA LIMITED
Sandeep Mahajan
Chairman & Managing Director

Court of Settlement Commissioner,
FFR Division, Ministry of Home Affairs,
Government of India,
2nd Floor, NDCC Building II, Jai Singh Road, New Delhi - 110 001
File No. 2/11/2021-R&SD - Proclamation
Appendix - XXI under rule 86(2) of DPCR rules, 1955

1. Whereas Smt. Sneha Rajkumar Ahuja w/o. Rajkumar Ahuja had applied for being substituted as legal heir of Shri Dilip Anand Vazirani, the probate holder of the Will of Manik Harchandrai Vazirani being a Displaced Person having verified claims bearing Index Nos.S/KR-10/504-C & S/KR-15/49-D for property left in West Pakistan and compensation in lieu of it bearing CAF No.D/PN/76139, wherein Manik H. Vazirani has died on 10.06.1987 and Dilip Anand Vazirani is reported to have died on 17.02.2022.
2. If you/anybody have any objection to her being paid compensation against the balance claim / compensation in CAF No.D/PN/76139, you are required to put in your written representation personally or by registered post acknowledgment (due) so as to reach this office on or before the 15th day of June, 2022.
3. Please quote this office number as given above in your representation.

Date: 24.05.2022 Sd/- Settlement Commissioner

यूनियन बैंक Union Bank of India

शाखा एन आई टी फरीदाबाद
5E/7, बी.पी. रेलवे रोड, एन आई टी फरीदाबाद, हरियाणा-121001

अंचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अंचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई- ई- नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अंचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सिक्योर्ड क्रेडिटर) को "जहाँ है जैसा है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे उल्लिखित तारीख को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा जो कि नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और गारंटीकर्ताओं से ली है। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा करने का विवरण नीचे वर्णित है।

ऋणधारक और गारंटरों के नाम	उधारकर्ताओं 1. मिस वीना गुप्ता फ्लैट नं. 002 (भूतल), सनसाईन एवेन्यू, वैन मथुरा रोड (एन एच-2), निगर मानव रचना बदखल मोड मेट्रो स्टेशन, सैक्टर-28 फरीदाबाद हरियाणा-122001. 2. मि. ललित गुप्ता फ्लैट नं. 002 (भूतल), सनसाईन एवेन्यू, वैन मथुरा रोड (एन एच-2), निगर मानव रचना बदखल मोड मेट्रो स्टेशन, सैक्टर-28 फरीदाबाद हरियाणा-122001. सह-बाध्य : सुगाष चंद्र गुप्ता मकान नं. 1195 सैक्टर -28, फरीदाबाद	देय राशि रू. 58,76,234.00 25.05.2021 तक तथा साथ ही आगे के ब्याज, लागत और खर्चे।

अंचल संपत्ति का विवरण – आवासीय संपत्ति के सभी खण्ड व हिस्से– भूतल पर फ्लैट जो कि हुडा सिनिटरस, फरीदाबाद के अंदर स्थित है
फ्लैट नं. 002 (भूतल), सनसाईन एवेन्यू, वैन मथुरा रोड (एन एच-2), निगर मानव रचना बदखल मोड मेट्रो स्टेशन, सैक्टर-28 फरीदाबाद हरियाणा-122001.
पूर्व : खुला आसमान पश्चिम : कॉमन पैसेज
उत्तर : खुला आसमान दक्षिण : लिफ्ट और फ्लैट नं. 001
ई निलामी की तिथी और समय–30.06.2022 सुबह 11 बजे से साथ 3 बजे तक (10 मिनट के असीमित स्व विस्तार के साथ)
आरक्षित मूल्य –94,00,000 (चौरानवे लाख मात्र), बयाना राशि जमा करनी होगी–रू.9,40,000/–(नौ लाख, चालीस हजार मात्र) बिक्री से संबंधित विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया लिंक https://www.ibapi.in और https://www.unionbankofindia.co.in/english/TenderViewAllAuction.aspx पर लॉगिन करें।

पंजिकरण और लॉगिन तथा बोली नियमों के लिए
https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp

स्थान : फरीदाबाद
तिथि: 26.05.2022

आपका विश्वासपात्र
प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के लिए

www.readwhere.com